53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 24.8°c अधिकतम 37.1 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:28, सूर्यास्त - 7:02 | वर्ष : 53/ अंक : 130 | सोमवार, 12 मई 2025 | वैशाख, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

सही व्यक्ति का कंधा जीवन के हर बोझ को हल्का कर देता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

रावलपिंडी तक सुनाई दी है भारतीय सेना के शौर्य की धमक : राजनाथ सिंह



धमक तो अमरीका तक भी गयी है.......

# सड़क हादसे में मां-बेटी और बेटे की मौत





**मुजफ्फरनगर, 11 मई (बु.)।** रविवार की शाम तितावी थाना क्षेत्र के चरथावल मार्ग पर सड़क हादसे में मां सहित बेटा-बेटी की मौत हो गयी। बताया जाता है कि मोटर साइकिल पर जा रहे सरताज उसकी बहन शाहजहां और मां सना खानपुर से चरथावल की ओर जा रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और तीनों सड़क पर जा गिरे। टक्कर इतनी भयंकर थी कि तीनों की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतकों को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की शिनाख्त चरथावल के आलमनगर निवासी सरताज, शाहजहां और सना के रूप में हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने फिलहाल अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उक्त अज्ञात वाहन की पहचान करने के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। एक साथ तीन मौत होने के बाद चरथावल के गांव गांव आलमनगर में मातम छा गया। वहीं दूसरी ओर परिवार के लोगों का एक ही परिवार में तीन मौत हो जाने से रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि तीनों लोग वलीमा के कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे। परिवार के तीनों लोग बाबरी थाना क्षेत्र के गांव बुटराड़ा में शादी समारोह में गए हुए थे। बुटराड़ा में शाहजहां के पति का भाई रहता है और भाई की बेटी की शादी से ही ये तीनों लोग वापस लौट रहे थे।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**सिखेड़ा, 11 मई (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव निराना में मुजफ्फरनगर से अपने घर लौट रहे बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार आ रही कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। गांव राठौर निवासी अंशुल कुमार पुत्र सुरेश पाल मुजफ्फरनगर से अपने घर जा रहा था। निराना के सामने लगभग रात 11 बजे सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कार चालक युवक को टक्कर मार कर मौके से फरार हो गया। स्वजन ने थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है। मुकदमा दर्ज कर आगे के कार्यवाई की जाएगी।

## भीषण सड़क हादसा: ट्रक ने दो युवकों को कुचला, मौके पर मौत

**मेरठ, 11 मई (एजेंसी)।** हरिद्वार गंगा में नहाने के लिए जा रहे दो युवकों को ट्रक ने टक्कर मारकर कुचल दिया, जबकि बाइक पर पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर भाग गया। दोनों युवकों की मौत पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। बागपत के मौहल्ला देशराज निवासी पांच युवक दो बाइकों पर सवार होकर शुक्रवार रात हरिद्वार गंगा स्नान के लिए जा रहे थे। भलसौना पुल के निकट जटपुरा गांव के सामने पहुंचे तो सरधना की ओर से आ रहे सरिया से भरे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

**मुजफ्फरनगर, 11 मई (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में जानसठ पुल के पास अज्ञात वाहन ने दो बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसके साथी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत भी गंभीर बताई गयी है। कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि जानसठ थाना क्षेत्र के खेड़ा चौगवा निवासी 32 वर्षीय दीपक बॉयलर रिपेयरिंग का काम करता था। उसके साथ गांव का ही 25 वर्षीय बंटी भी काम करता है। दोनों कई दिनों से जानसठ रोड स्थित एक मिल के बॉयलर को रिपेयरिंग करने का काम कर रहे थे। शनिवार रात बंटी को परिजनों ने जानकारी दी उसकी मां की तबीयत खराब है। रात में ही लगभग 2 बजे बंटी व दीपक बाइक से गांव के निकल गए। जानसठ पुल के पास अज्ञात वाहन दोनों को टक्कर मार दी, हादसे में दीपक की मौके पर मौत हो गई, जबकि बंटी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बंटी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बंटी का उपचार चल रहा है।

## फर्टीलाइजर फैक्ट्री में सचमुच गैस रिसाव या फिर कुछ लोग चाहते हैं फैक्ट्री बंद कराना?







**मुजफ्फरनगर, 11 मई (बु.)।** नगर कोतवाली क्षेत्र के बुढ़ाना मोड़ पर संचालित अंकुर फर्टीलाइजर फैक्ट्री में रविवार को अचानक गैस रिसाव की सूचना मिली। बताया जाता है कि उक्त फैक्ट्री में तेजाब व गंधक बनाने का कार्य किया जाता है और पिछले कई वर्षों से इस फैक्ट्री को कुछ लोग बंद कराना चाहते हैं, इसी के चलते हरेक वर्ष कोई न कोई घटनाक्रम उक्त फैक्ट्री में किया जाना दिखाया जाता है। इससे पहले भी फैक्ट्री मालिकों ने परेशान होकर प्रशासनिक अधिकारियों के सामने अपना पक्ष रखते हुए बताया था कि उन्होंने उस समय यहां पर फर्टीलाइजर फैक्ट्री स्थापित की थी जब यहां आवासीय आबादी थी ही नहीं मगर धीरे-धीरे सस्ती जमीन लेकर लोगों ने यहां मकान बनाने शुरू कर दिये और अब उनकी फैक्ट्री बंद कराना चाहते हैं।

रविवार को जब फैक्ट्री में जहरीली गैस के रिसाव की सूचना सोशल मीडिया पर फैली और कुछ लोगों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया तो स्वयं डॉक्टरों ने बताया कि जो लोग बेहोशी के कारण जिला चिकित्सालय लाए गए हैं, उनकी हालत पूरी तरह स्थिर है, वहीं दूसरी ओर फैक्ट्री मालिकों का बताना है कि उक्त फैक्ट्री गंधक व तेजाब की फैक्ट्री है। ऐसे में कई बार गर्मी के दिनों में फैक्ट्री में इस्तेमाल होने वाली कोई न कोई गैस दिमाग पर असर कर जाती है, जिस कारण तबीयत खराब हो जाती है और पीड़ित को घुटन महसूस होती है। बुढ़ाना मोड़ के कई श्रमिक इस फैक्ट्री में काम करते हैं, जिसमें मेमकला पत्नी राजपाल, खांजापुर निवासी शकुंतला पत्नी जयसिंह, नेहा पत्नी गौरव और मचला पत्नी पदम सिंह निवासीगण खांजापुर प्रथम की हालत खराब हो गयी थी, जोकि उपचार के बाद ठीक हो गए। जिला अस्पताल के सीएमएस डा. संजय कुमार वर्मा ने बताया कि दम घुटने से अस्पताल पहुंची महिलाओं की हालत स्थिर है।

## रतनपुरी की काली नदी में नहाते समय दो बच्चे डूबे, अस्पताल में भर्ती, हालत गम्भीर



**खतौली, 11 मई (बु.)।** रतनपुरी थाना क्षेत्र में रविवार की शाम को काली नदी में नहाते समय दो बच्चे डूब गए। एक बच्चे को किसानों ने बचा लिया, जबकि दूसरे को घंटों मशक्कत के बाद गोताखोरों ने नदी से बरामद कर लिया। बच्चे की गंभीर हालत के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गांव हुसैनाबाद भनवाड़ा निवासी आमिर नौ वर्षीय पुत्र इकराम अपने दोस्त आठ वर्षीय चांद पुत्र फुरकान के साथ रविवार की शाम को गांव के समीप से गुजर रही काली नदी में नहाने के लिए गया था। नहाते समय दोनों बच्चे काली नदी में डूबने लगे। डूबते समय बच्चों ने शोर मचाया। शोर की आवाज सुनकर खेतों में काम कर रहे किसान काली नदी की ओर दौड़ पड़े। किसानों ने पानी में डूब रहे चांद को कड़ी मशक्कत के बाद बचा लिया, जबकि आमिर का कोई पता नहीं चल पाया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे के काली नदी में डूबने की खबर परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। नदी से निकाले गए बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि पानी में डूबे बच्चे की तलाश में गोताखोर को लगा दिया गये। घंटों तलाश के बाद बच्चा काली नदी से बरामद हो गया। बच्चे को देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बच्चों की हालत गंभीर के चलते बुढ़ाना के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि दोनों बच्चे गांव के एक मदरसे के छात्र हैं।

## रैम्प के झगड़े में कर दी जबरदस्त फायरिंग, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हुई कार्यवाही



**मुजफ्फरनगर, 11 मई (बु.)। मुजफ्फरनगर लगातार एक बार फिर अपराधों का गढ़ हो चला है। योगी सरकार कितनी भी दमदार क्यों न हो, बावजूद उसके दबंग अपनी दबंगई से कतई बाज नहीं आ रहे हैं और जो जी चाहता है पुलिस को चुनौती देते हुए करके दिखाते हैं।**

**सिखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा आस्सा से दिन निकलते ही एक ऐसा ही वीडियो सामने आया, जिसमें लाइसेंसी हथियारों से फायरिंग के साथ-साथ मारपीट व पथराव की बात भी सामने आई। आपको बता दें कि गांव के ही बेहड़ा आस्सा निवासी जोगेन्द्र पुत्र धर्मसिंह के मकान के दरवाजे के बाहर रैम्प बना हुआ है, जिसको लेकर सुमित पुत्र रणवीर ने आपत्ति जताई थी। शनिवार की दोपहर जब सुमित ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर लगभग 2 बजे अपने घर जा रहा था, तो सुमित ने जोगेन्द्र के मकान के आगे बने रैम्प को ट्रैक्टर से ही तोड़ डाला। इस पर जोगेन्द्र ने विरोध दर्शाया तो सुमित ने सचिन व अनुज पुत्रगण नरेन्द्र, रणवीर पुत्र सुखवीर के साथ जोगेन्द्र के घर में घुसकर मारपीट कर डाली। इतना ही नहीं घटना में जमकर पथराव व मारपीट हुई। इस दौरान रणवीर ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से फायर भी किया, जिसकी किसी ग्रामीण ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दी। इस मामले में जोगेन्द्र ने सचिन, सुमित, अनुज, रणवीर और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट, पथराव व गोली चलाने का मुकदमा दर्ज कराया। आरोपी जोगेन्द्र का कहना है कि सुबह जब थाने में इस बात की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए गए तो पुलिस ने यह कहकर टरकाने की कोशिश की कि जब फायरिंग हुई ही नहीं तो फायरिंग का नाम कैसे लिया जा रहा है। इस पर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही पुलिस के मुंह पर चुप्पी लग गयी और उसके बाद ही मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गयी।**

## सप्ताह बाद लापता कोचिंग सैंटर संचालक का शव गंग नहर में मिला



फाइल फोटो

**भोपा, 11 मई (बु.)।** बीते सोमवार को लापता हुए कोचिंग सैंटर संचालक अन्नू चौधरी का शव रविवार की शाम भोपा के निकट गंग नहर में बहता हुआ दिखाई पड़ा, जिसके बाद गोताखोर की सहायता से शव को बाहर निकाला गया। परिजनों की शिनाख्त के बाद पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अन्नू चौधरी की मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव यूसुफपुर निवासी अनिरुद्ध उर्फ अन्नू चौधरी वर्तमान मे मुजफ्फरनगर के शान्तिनगर कॉलोनी में परिवार संग निवास करते थे। अन्नू चौधरी भोपा के निकट यूसुफपुर गांव में अन्नू क्लासेस के नाम से कोचिंग सेंटर संचालित करते थे। बीते पांच मई की दोपहर अन्नू चौधरी सेंटर पर जाने के लिये मुजफ्फरनगर से निकले थे। शाम पांच बजे के लगभग उनकी बाइक, मोबाइल, जूते व बुक्स आदि क्षेत्र के निरगाजनी झाल के पास गंगनहर पटरी के पुरकाजी मार्ग पर पड़े मिले थे, जहां खेत में काम कर रहे किसान ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जहां पुलिस को बाइक व एक थैले में रखा मोबाइल व किताबें तथा जूते रखे मिले। डूब जाने की आशंका को लेकर पुलिस ने परिजनों संग पीएसी के गोताखोरों के साथ गंगनहर में युवक की तलाश शुरू कर दी थी कि रविवार की शाम गांव बेलड़ा के पास गंगनहर में ग्रामीणों ने एक शव बहता हुआ देखा, जिसकी सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस द्वारा शव को बाहर निकाला गया। शव की शिनाख्त परिजनों द्वारा अन्नू चौधरी के रूप में की गयी, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया। अन्नू चौधरी की मौत से परिवार मे मातम पसरा हुआ है। पिता जगपाल सिंह, माता कमलेश देवी, पत्नी पूजा, पुत्री श्वेता व पुत्र विश्वजीत का रो रोकर बुरा हाल है।

## मामूली बात को लेकर दो पक्षों में झगड़ा, दो घायल

**जानसठ, 11 मई (बु.)। क्षेत्र के गांव नूनीखेड़ा में मामूली बात को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी डंडे चल गए, जिसमें एक पक्ष के दो लोग घायल हो गए। घायलों ने पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के गांव नूनीखेड़ा निवासी विवेक कुमार पुत्र ओमपाल सिंह ने थाने में तहरीर दी। उसने तहरीर देकर बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह लगभग 11 बजे वह स्वजन के साथ अपने घर पर बैठा था, तभी गांव के ही रहने वाले सुधीर व सन्दीप पुत्रगण ब्रह्मपाल से उनकी कहासुनी हो गई। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। मारपीट में पिता-पुत्र घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी जानसठ पहुंचाया। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि झगड़े की तहरीर आई है। तहरीर के आधार पर सुधीर व सन्दीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर कार्यवाई की जाएगी।**

## 'ऑपरेशन सिंदूर' में पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकाने तबाह, 100 आतंकियों की मौत, सेना की पीसी की बड़ी बातें





**नई दिल्ली, 11 मई (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान तनाव और ऑपरेशन सिंदूर पर रविवार शाम भारतीय सेना ने प्रेस कॉफ्रेंस की। इस प्रेस कॉफ्रेंस में भारतीय सेना तीन अंग थल सेना, वायु सेना और जल सेना के अधिकारी शामिल थे। थल सेना से लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, डीजीएमओ, जल सेना से वाईस एडमिरल एएन प्रमोद डीजी, नेवल ऑपरेशन और वायु सेना से एयर मार्शल एके भारती डीजी, एयर ऑपरेशन इस प्रेस कॉफ्रेंस में शामिल थे। तीनों अधिकारियों ने पीपीटी के जरिए पूरे ऑपरेशन की जानकारी दी, जिसके जरिए भारतीय सेना की कार्रवाई के सभी सबूत भी दिखाए गए।

**ऑपरेशन सिंदूर में सिर्फ आतंकी और आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया**

प्रेस कॉफ्रेंस में डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि आप सबको पता है कि पहलगाम अटैक में किस क्रूरता से 26 लोगों को मारा गया था? लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बताया, ऑपरेशन सिंदूर साफ तौर पर आतंकवाद के साजिशककर्ताओं और उनके ठिकानों को तबाह करने के लिए किया गया था। हमने सीमा पार टेरर कैंप और इमारतों को पहचाना। यह बहुत बड़ी संख्या में थे। इनमें से कई को पहले ही खाली कर दिया था, क्योंकि उन्हें हमारे एक्शन का डर था।'

**खुफिया विभागों से पुष्टि के बाद आतंकियों के 9 ठिकाने किए तबाह**

डीजीएमओ ने आगे बताया कि पाकिस्तान में 9 शिविर थे, जिनसे आप सभी परिचित हैं। हमारी विभिन्न खुफिया एजेंसियों ने भी उसकी पुष्टि की। इनमें से कुछ पीओके में थे, जबकि कुछ अन्य पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में स्थित थे. लश्कर-ए-तैयबा का गढ़ मुरीदके जैसे नापाक स्थानों ने वर्षों से अजमल कसाब और डेविड हेडली जैसे कुख्यात लोगों को जन्म दिया है।"

**100 आतंकियों को मारा, पाक के हमले से हमे कोई नुकसान नहीं: सेना**

उन्होंने यह भी बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में आतंकियों के 9 ठिकानों को तबाह किया गया. 100 आतंकियों को मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि स्ट्राइक के डर से आतंकियों ने कई कैंप पहले ही खाली कर दिए थे। पाकिस्तान के हमले में हमें कोई नकुसान नहीं हुआ।

**पाक आर्मी या उसके किसी इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना नहीं बनाया: सेना**

पीसी में सेना के अधिकारियों ने आगे बताया कि मुरीदके के टेररिस्ट कैंप के बाद बहावलपुर ट्रेनिंग कैंप में कई इन्फ्रास्ट्रक्चर को चुना, जहां आतंकवाद को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया जा सकता था। इन 2 टेररिस्ट कैंप को हमने टारगेट बनाया और इन्हें तबाह किया।अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि पाकिस्तानी मिलिट्री और किसी और इन्फ्रास्ट्रक्चर को टारगेट नहीं किया।

**ऑपरेशन सिंदूर पर तीनों सेना की प्रेस कॉफ्रेंस की बड़ी बातें**

- इस प्रेस कॉफ्रेंस की शुरूआत शिव तांडव के धुन से हुई।
- सेना ने सिर्फ आतंकियों को ठिकाना बना। आंतकियों को खत्म करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया।
- सेना ने आतंकियों के 9 ठिकानों को निशाना बनाया। इस ऑपरेशन सिंदूर में 100 आतंकी मारे गए।
- मुरीद के में आतंकी ट्रेनिंग कैंप बर्बाद किया गया।
- तीन बड़े आतंकियों को हमने खत्म किया।
- एलओसी पर पाकिस्तान ने नागरिकों को निशाना बनाया।
- पाकिस्तान के हमले में हमें कोई नुकसान नहीं हुआ है।
- हमने पाकिस्तान के सभी हमले नाकाम किए।
- पाकिस्तान ने कई ड्रोन भेजे, जिन्हें तबाह किया गया।
- हमारे ऑपरेशन का लक्ष्य आतंकियों का खात्मा था। हमने सिर्फ आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया।
- पीओके में 5 और पाकिस्तान में स्थित 4 आतंकी ठिकानों को तबाह किया गया। पाकिस्तान के 35-40 जवान मारे गए।
- हमारा लक्ष्य आतंकी ढांचे और आतंकी को खत्म करना था, यह हमने 7 मई को हासिल कर लिया।
- उसके बाद पाकिस्तान ने ड्रोन और यूएवी से हमला किया. हमने आतंकी को हिट किया वह उसे नागरिक कह रहे थे।

शेष : पृष्ठ-4 पर

## उधमपुर एयर बेस पर पाक ड्रोन की चपेट में आने से जवान शहीद

**श्रीनगर, 11 मई (वार्ता)** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर एयर बेस पर संघर्ष विराम की घोषणा से कुछ समय पहले एक पाकिस्तानी ड्रोन की चपेट में आने से एक जवान शहीद हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि ड्यूटी पर तैनात एक राजस्थानी जवान शनिवार को उधमपुर स्थित एयर बेस पर आर्मी एयर डिफेंस की ओर से सफलतापूर्वक रोके गए पाकिस्तानी ड्रोन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसकी मृत्यु हो गयी। उन्होंने बताया कि यह घटना भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को समाप्त करने के लिए संघर्ष विराम की घोषणा से कुछ घंटे पहले हुई। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झुंझुनू निवासी सुरेंद्र सिंह मोगा के रूप में शहीद हुए जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## आशा कार्यकर्त्री ने फांसी लगा आत्महत्या की

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा**



**बुढ़ाना, 11 मई (बु.)।** एक आशा कार्यकर्त्री ने अपनी ही ससुराल में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। किसी ग्रामीण की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पीहर के लोगों ने जमकर हंगामा किया, तो पुलिस ने शव को पीएम हेतु भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के कुरालसी गांव निवासी डॉक्टर राजीव शर्मा की 34 वर्षीया पत्नी जूली आशा कार्यकर्त्री है। आरोप है कि कुछ माह पूर्व जूली की आशा के पद पर 50 हजार रुपये की रिश्वत लेकर नियुक्ति हुई थी। जूली की शादी करीब 7 वर्ष पूर्व हुई थी। उसके कोई संतान नहीं थी। उसके पति राजीव ने अपनी पत्नी जूली को दूर के डॉक्टरों को दिखाया और काफी रुपया बहाया, लेकिन उनके कोई संतान नहीं हुई। उधर राजीव भी बीमार रहने लगा था। तब से जूली इन बातों से डिप्रेशन में रहने लगी थी। बीती रात सब कुछ सही था लेकिन आज रविवार की सुबह जैसे ही राजीव सोकर उठा, तो उसने देखा कि उसकी पत्नी जूली पंखे में लगी रस्सी के फंदे पर झूल रही है। जब उसने शोर मचा दिया तो मौहल्ले के सैंकड़ों लोग मौके पर आ गये। इसी बीच किसी ग्रामीण ने मृतका के परिजनों को फोन पर घटना की सूचना दे दी, तो वे कुछ देर बाद रोते हुए मौके पर पहुंचे और राजीव और उसके परिजनों पर जूली की हत्या का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी इंचार्ज ललित कसाना, कोतवाल आनंद देव मिश्र मौके पर पहुंचे और आक्रोशित परिजनों को समझा बुझाकर शव को पीएम के लिए भेज दिया।

## लालूखेड़ी चौकी प्रभारी हुए सस्पेंड

**मुजफ्फरनगर, 11 मई (बु.)।** एसएसपी ने लापरवाही के चलते तितावी थाना क्षेत्र के लालूखेड़ी चौकी प्रभारी को सस्पेंड कर दिया है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने जिले की कमान सम्भालने के बाद जनपद के सभी थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अलर्ट रहने के निर्देश दिए थे। लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई के लिए कहा था। रविवार शाम एसएसपी ने तितावी थाने की चौकी लालूखेड़ी के प्रभारी सोम प्रकाश को सस्पेंड कर दिया। उन्होंने बताया कि चौकी इंचार्ज की ड्यूटी के दौरान शराब पीने की शिकायत मिली थी। इस मामले की जांच सीओ फुगाना को सौंपी गयी थी। सीओ फुगाना की रिपोर्ट के आधार पर चौकी इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया गया है।

## पाकिस्तान समर्थन की वीडियो वायरल करने वाला हिरासत में



**बुढ़ाना, 11 मई (बु.)।** एक युवक ने सोशल मीडिया पर देश के दुश्मन पाकिस्तान के समर्थन की एक वीडियो वायरल करते हुए हिंदू संगठनों में उबाल ला दिया। माहौल को देखते हुए बुढ़ाना पुलिस ने भी त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त आरोपी को पकड़कर पूछताछ शुरू कर दी है। बताया जाता है कि इस वायरल वीडियो में भगवान के प्रति कुछ अपशब्द भी बोले गये हैं और आरोपी ने इसे अपनी फेसबुक आईडी पर शेयर करते हुए हिंदू धर्म की भावनाओं का मखौल उड़ाने का भी काम किया। इस तरह का आपत्तिजनक वीडियो कस्बा बुढ़ाना निवासी जीशान नामक युवक की आईडी से शेयर किया गया। बुढ़ाना पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी जीशान को अरेस्ट कर लिया है। इससे पूर्व पुलिस जिशान की तलाश में लग गयी थी और कस्बे में रहने वाले जीशान नाम के सभी युवकों की फेसबुक आईडी बारीकी से चेक करने का काम शुरू कर दिया था। वायरल वीडियो को लेकर हिन्दू संगठनों में काफी गुस्सा था और वे आरोपी जिशान की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। उधर बुढ़ाना पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी जीशान को पकड़ लिया। फिलहाल पुलिस आरोपी जीशान से पूछताछ कर रही है।

# IBJA मुज़फ्फरनगर द्वारा किया गया IBJA कांन्क्लेव का सफल आयोजन लाइफटाइम अचीवमेंट एवं युथ आइकॉन पुरस्कार से सराफा व्यापारीयों को किया गया सम्मानित














मुज़फ्फरनगर, 10 मई 2025:को इब्जा मुज़फ्फरनगर द्वारा इब्जा कांन्क्लेव का सफल आयोजन वर्ल्ड गोल्ड कॉउन्सिल एवं भारतीय मानक ब्यूरो (BIS), देहरादून शाखा द्वारा होटल स्वर्ण इन, मुज़फ्फरनगर में हॉलमार्किंग जागरूकता कार्यक्रम एवं जेवेल्लेर्स अवयरनेस प्रोग्राम सफल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन, मुज़फ्फरनगर एवं वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें 200 से अधिक स्थानीय ज्वैलर्स और व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से की गई तथा उसके पश्चात दो मिनट का मौन उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए रखा गया जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। एवं देश रक्षा के लिए सभी जेवेल्लेर्स नें भारत को आर्थिक रूप से मजबूत करने एवं देश के लिए हमेशा समर्पित रहने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वर्ण आभूषणों की अनिवार्य हॉलमार्किंग, HUID प्रणाली तथा गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं के प्रति ज्वैलर्स और उपभोक्ताओं को जागरूक करना एवं ज्वेलरी बिज़नेस मे आ रही अनेक समस्याओ को एक मंच पर रखकर उनका समाधान करना है। कार्यक्रम की गरिमामयी उपस्थिति श्री कपिल देव अग्रवाल, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) द्वारा हुई, जिन्होंने राष्ट्र निर्माण में ज्वैलर्स की भूमिका और हॉलमार्क युक्त आभूषण खरीदने के लाभ पर बल दिया। श्री सौरभ तिवारी, निदेशक एवं प्रमुख, BIS देहरादून ने गुणवत्ता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए हॉलमार्क युक्त आभूषण खरीदने पर ज़ोर दिया। उन्होंने हॉलमार्किंग प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी और उपभोक्ताओं को सलाह दी कि वे आभूषण खरीदते समय HUID नंबर, कैरेट, और BIS लोगो की जाँच अवश्य करें मुंबई से आये इब्जा के सेकंटरी सुरेंदर मेहता जी द्वारा जेवेल्लेर्स को सरकारी नीतियों के बारे मे विस्तार से जानकारी दीं गयी एवं इस अवसर पर श्री अनुराज रस्तोगी, प्रमुख उत्तर भारत, इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) ने स्वर्ण एवं बुलियन व्यापार से संबंधित हालिया नीतिगत विकास की जानकारी साझा की गयी इब्जा के द्वारा मुज़फ्फरनगर के सराफा व्यापारीयों श्री सतीश गोयल जी मांगीराम जी सुशील गर्ग जी मनोज जैन जी प्रदीप वर्मा जी गोपाल वर्मा जी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया एवं मुज़फ्फरनगर के युवा व्यापारी पराग गोयल मनोज वर्मा संजय वर्मा मुकुल जैन  राघव गोयल को युथ आइकॉन के अवार्ड से सम्मानित किया गया इब्जा के हमेशा मार्गदर्शक रहने वाले  इब्जा के स्तम्भो को श्री प्रदीप बंसल अजय स्वरुप जी अदीश जैन पुष्पेंद्र अग्रवाल सुरेंदर अग्रवाल प्रवीण वर्मा को मेंटर ऑफ़ the सिटी के अवार्ड से सम्मानित किया गया मुज़फ्फरनगर के उभरते युवा सराफ व्यापारीयों गौरव वर्मा सिद्धार्थ बंसल  पंकज जैन पवन वर्मा पुनीत जैन पवन सिंघल शामली यश कपूर नितिन बंसल गौरव मित्तल गोरंग मित्तल अमित भोसले को राइजिंग स्टार 2025 के अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ कार्तिक पोरवाल नें माइंड वैलनेस साइकोलॉजीकल सेंटर दिल्ली से आकर अपनी टीम के साथ जेवेल्लेर्स को व्यापार के साथ मेन्टल हेल्थ कैसे ठीक रखनी है उसके बारे मे विस्तार से बताया उनकी टीम मे मुख्य रूप से डॉ स्वाति पिर्यदार्शनि एवं डॉ प्रीति गुप्ता रहे । कार्यक्रम का सफल समन्वय श्री श्रेय गोयल, अध्यक्ष, IBJA मुज़फ्फरनगर एवं श्री मनोज पुंडीर, सचिव, IBJA  अभिनव वर्मा  कोषाध्यक्ष  नमन वर्मा सिद्धार्थ बंसल गौरव वर्मा मयंक बंसल रोहित वर्मा नितिन कुछल आदित्य जैन एवं समस्त इब्जा टीम मुज़फ्फरनगर द्वारा किया गया। BIS ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वे हॉलमार्क युक्त आभूषणों की प्रामाणिकता की जाँच के लिए BIS Care App का उपयोग करें। यह ऐप Google Play Store और Apple Store पर निःशुल्क उपलब्ध है।




















1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## पी.चिदंबरम और प्रमोद कृष्णम

पूर्व गृह मन्त्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने अपने एक लेख में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की 'आपरेशन सिंदूर' को लेकर तारीफ की है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने इस पर कहा है कि कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने मोदी की तारीफ की, ये बहुत अच्छी बात है। नरेन्द्र मोदी की तारीफ राहुल गांधी ने नहीं की। मुझे लगता नहीं कि पी. चिदंबरम ने पीएम मोदी की जो तारीफ की है, वो राहुल गांधी को अच्छी लगी होगी। तारीफ तो राहुल गांधी को करनी चाहिए। पूरे विपक्ष में ओवैसी एक ऐसे नेता है, जो संकट की इस घड़ी में देश के साथ खड़े रहे। देश की एकता को मजबूत करने का काम ओवैसी ने किया। बाकी विपक्ष के किसी भी नेता ने ऐसा नहीं किया, दोगली राजनीति है। उन्होंने आगे कहा,विपक्ष में ज्यादातर लोग दिखावे के लिए पीएम मोदी का साथ दे रहे हैं। देखिएगा पूरा विपक्ष पीएम मोदी से सबूत मांगेगा। किसी न किसी तारीके से उन पर विपक्ष हमलावर होगा। मुझे बड़ी खुशी है कि पी. चिदंबरम ने पीएम मोदी की तारीफ की है, लेकिन मुझे इंतजार है कि पाकिस्तान को घुटने पर लाने के लिए राहुल गांधी पीएम मोदी की तारीफ करेंगे। पी.चिदंबरम ने अपने लेख में एक निष्पक्ष लेखक की तरह अपनी बातें लिखी। पी.चिदंबरम का यह लेख प्रधानमन्त्री की नीतियों की समीक्षा करते हुए उनकी तारीफ करता है। मोदी विरोधियों को भी यह लेख अच्छा लग रहा है, इसके विपरीत कुछ ऐसे भी लोग हैं, जो मोदी समर्थक हैं, लेकिन उन्हें यह सीज फायर का फैसला पसन्द नहीं आया, न जाने वो प्रधानमन्त्री से पाकिस्तान के खिलाफ क्या चाहते थे। एक वर्ग ऐसा भी है, जो मोदी की तारीफ न करता है न सुन सकता है, वह वर्ग अंट शंट बयान बाजी कर रहा है। चिदंबरम ने लिखा है कि मोदी के 2022 में व्लादिमीर पुतिन से कहे गए शब्द यह युद्ध का युग नहीं है आज भी दुनिया को याद हैं। यही वजह है कि कई देशों ने भारत को निजी तौर पर युद्ध न करने की सलाह दी। पी. चिदंबरम ने एक अपने कॉलम में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत द्वारा पाकिस्तान को दिए गए जवाब को बुद्धिमत्तापूर्ण और संतुलित बताया है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद देश में बदला लेने की आवाजें तेज थीं, लेकिन सरकार ने सीमित सैन्य कार्रवाई का रास्ता चुनकर एक बड़ा युद्ध टाल दिया। उन्होंने कहा कि भारत की सैन्य कार्रवाई सीमित और सुनियोजित थी, जिसका उद्देश्य आतंकी संगठनों के बुनियादी ढांचे को नष्ट करना था। चिदंबरम ने अपने कॉलम में इस कार्रवाई को प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का समझदारी भरा कदम बताया, क्योंकि इससे भारत ने पूर्ण युद्ध की स्थिति को टालते हुए वैश्विक स्थिरता को प्राथमिकता दी। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने पाकिस्तान के मुद्दे पर कहा कि पाकिस्तान जिस तरह से दुनिया के सामने गिड़गिड़ाया है, उसका पूरा श्रेय भारतीय सेनाओं को जाता है। इसके साथ ही पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व में पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की साजिश को नाकाम कर दिया। मूढ़ता से ग्रस्त नेताओं और लोगों को छोड़ दें तो जानकार मानते हैं कि यह जो सीजफायर हुआ है, असल में यह भारत की एक बड़ी कूटनीतिक जीत है, क्योंकि भारत के जो भी उद्देश्य थे, मकसद थे, वो उसने पिछले 15 दिनों में पूरे कर लिए। बात चाहे पाकिस्तान का पानी रोकने की हो या फिर आतंकवादियों के खिलाफ एक कठोर कार्रवाई करने की, दोनों ही मोर्चे पर भारतीय सेना को अप्रत्याशित सफलता हासिल हुई है। कश्मीर फाइल्स' फेम निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने भारत-पाकिस्तान के संघर्ष के बीच प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की भूमिका की तारीफ की। इसे 'पीएम मोदी की रणनीति' करार दिया, साथ ही महाभारत और चाणक्य के संदर्भ का उल्लेख करके युद्ध के समय मौन की अहमीयत बयां की। इंस्टाग्राम पर पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, महाभारत और चाणक्य ने हमें सिखाया है कि युद्ध सिर्फ मैदान में नहीं लड़ा जाता, बल्कि यह मन में लड़ा जाता है। अधिक बातचीत से संकल्प कमजोर पड़ जाते हैं, योजनाएं उजागर हो जाती हैं और दरार पड़ती है। वास्तविक शक्ति मौन या उद्देश्यपूर्ण भाषण में निहित है। अग्निहोत्री ने आगे लिखा कि भारत-पाक युद्ध विराम सिर्फ विराम नहीं है, यह एक मनोवैज्ञानिक पुनर्संतुलन है। यह याद दिलाता है कि संयम जब रणनीतिक हो, तो यह उकसावे से शक्तिशाली हो सकता है। जैसा कि पुराने लोग कहते थे कभी-कभी खामोशियां भी बहुत कुछ बयां कर जाती हैं और यह बात प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी से बेहतर कौन जानता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि उन्होंने ही दोनों देशों के बीच सीज फायर को लेकर मध्यस्थता कराई है, लेकिन भारत ने इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया था। भारत ने साफ कर दिया था कि पाकिस्तान ने फोन कर भारत से सीजफायर की गुजारिश की थी। अब न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के हवाले से दावा किया जा रहा है कि पीएम नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के बीच बातचीत हुई थी, जिसमें पीएम ने वेंस को दो टूक शब्दों में भारत का स्टैंड समझा दिया था। पीएम मोदी ने जेडी वेंस से कहा था कि अगर पाकिस्तान कुछ करता है, तो इस बार जवाब और भी विनाशकारी और सख्त होगा। पीएम ने कहा अगर वहां से गोली चलेगी, तो यहां से गोला चलेगा। पीएम मोदी ने जेडी वेंस से कहा कि अगर पाकिस्तान कुछ करता है, तो इस बार जवाब और भी विनाशकारी और सख्त होगा। पीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। ये भी दावा किया गया है कि दोनों देशों के एनएसए और विदेश मंत्रियों के बीच कोई बातचीत नहीं हुई। केवल पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ से बात की थी। दुनिया को ये भी संदेश दिया गया कि इस बार पहले की तरह बातचीत नहीं होगी, पाकिस्तान यह भी अच्छे से समझ ले। भारत के हर हमले में पाकिस्तान को जबरदस्त नुकसान पहुंचा। हर वार के बाद पाकिस्तान की स्थिति और बुरी होती जा रही थी। पाकिस्तान बैटल के हर राउंड में हार रहा था। भारत ने विश्व को यह स्पष्ट कर दिया कि हम पीड़ितों और अपराधियों को समान नहीं मान सकते। एक शायर ने एक शेर कहा है, इस शेर को पाकिस्तान समझ ले तो अच्छा है-

नर्म लहजे को हमारे देख कमजोरी न जान,
रेशमी धागे से लोहा काटते हैं रात दिन।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'शैतां' 'स्वर्ग' 'जमीं' 'गजल'

कोई शैतां नहीं होगा, जमीं पर स्वर्ग उतरेगा,
ये बातें बस नशे में या गजल में अच्छी लगती हैं।
उड़ा दो पाक को यारो, करो समतल जमीनों को,
ये बातें बस नशे में या गजल में अच्छी लगती हैं।

### सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 11 मई, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 98,200 | चांदी- | 97700 |
| सिक्का- | 1100 | गिन्नी- | 73160 |



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र उम्मेद अली पुत्र सलीम गलत संगत में पड़कर आवारा हो गया है। मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने में नहीं है। मैं अपने स्वस्थ मस्तिष्क, बिना किसी दबाव व बिना किसी कहने-सुनने में अपनी स्वेच्छा से अपने पुत्र उम्मेद पुत्र सलीम को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा किसी भी लेन-देन व किसी अपराध व किसी कार्य के लिए मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है। मेरे पुत्र को मेरे व मेरे परिवार व मेरी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल माना जाये।

सलीम पुत्र नवाजिश
निवासी-मकान नं. 572, न्याजूपुरा, शाहबुद्दीनपुर रोड, मुजफ्फरनगर

# सफाई व्यवस्था में सुधार को हरकत में आया पालिका प्रशासन

## - ड्रोन कैमरों से सफाई व्यवस्था की निगरानी की तैयारी शुरू - ईओ ने अधीनस्थों को दिए धरातल पर काम करने के निर्देश






**मुजफ्फरनगर, 11 मई (बु.)।** नगरीय क्षेत्र को क्लीन एंड ग्रीन बनाने के पवित्र संकल्प के साथ बीते कई माह से सड़कों पर सुबह के साथ रात्रि में शुरू की सफाई व्यवस्था के सार्थक परिणाम अब हर ओर पालिका क्षेत्र में दिखाई देने लगे हैं। हालांकि डोर टू डोर क्लेक्शन अभियान कंपनी कर्मियों की आए दिन रही हड़ताल होने से पालिका प्रशासन की फजीहत भी हुई, लेकिन कुल मिलाकर नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था काफी हद तक सफल साबित हुई। इसमें और सुधार लाने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच अब पालिका के अधिकारियों ने सफाई व्यवस्था का सर्वे कराने के लिए ड्रोन कैमरे का सहारा लेने की योजना तैयार की है। इस योजना को धरातल पर लाने के लिए ईओ पालिका डॉ. प्रज्ञा सिंह ने अधिकारियों को जरुरी दिशा निर्देश दिए हैं। नगरपालिका परिषद की ओर से अब सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने की खातिर नया प्रयोग करने की योजना तैयार की है। इसके चलते अब पालिका क्षेत्र में होने वाली सफाई की व्यवस्था की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरों की मदद ली जाएगी। इस संबंध में ईओ पालिका डॉ. प्रज्ञा सिंह ने पालिका नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार के साथ चीफ योगेश कुमार और सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए हैं। योजना के तहत सफाई सर्वे से संबंधित बिन्दू निर्धारित प्रारूप पर आख्या समेत गूगल लिंक व निदेशालय के गूगल लिंक पर भी तत्काल प्रेषित करने के लिए कहा गया है। इसके साथ शहर क्षेत्र के कूड़ा डलावघरों की सफाई में सुधार के प्रयास और मजबूत किए जाने पर जोर दिया। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने नालों की नियमित रूप से सफाई न होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए अधीनस्थों को बरसात से पूर्व नगर पालिका प्रशासन को शहर के सभी नालों की सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। वहीं इसकी रिपोर्ट शासन स्तर पर भी भेजनी है। वर्तमान में शहरी क्षेत्र में करीब 80 से अधिक छोटे बड़े नाले है, जिनमें से अधिकांश नाले अभी भी पूरी तरह से गंदगी से अटे हुए हैं। इन तमाम नालों की सफाई के लिए कोई विशेष ध्यान पालिका प्रशासन द्वारा नहीं दिए जाने से जहां क्षेत्र की जनता की चिंता बढ़ रही है, वहीं शहर में सफाई व्यवस्था भी खराब पड़ी हुई है। उधर, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन जैसी उक्त महत्वाकांक्षी योजना जिम्मेदारों की उपेक्षा के बीच दम तोड़ चुकी है। वहीं इस बीच शहर के डलावघरों से भी कूड़ा नहीं उठ रहा है। ऐसे में अधिकांश डलावघरों से दोपहर तक कूड़ा सड़कों पर पड़ा रहने से स्थानीय नागरिकों की मुश्किलें बढ़ने लगी है, जिसके कारण गर्मी की दस्तक के बीच बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ने लगा है। इन्हीं तमाम फजीहतों के बाद अब नगर पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार के साथ हकीकत जानने और नालों की सफाई कराते हुए ड्रोन कैमरे से सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं।

# नव सजृन योजना को लेकर शासन ने दिखाई सक्रियता

## - मुजफ्फरनगर व खतौली नगर पालिका से मांगा हिसाब

**मुजफ्फरनगर, 11 मई (बु.)।** मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना को धरातल पर उतारने की कवायदों के बीच वर्तमान में शासन ने जिले की दो नगर पालिकाओं से हिसाब मांगा है। शासन ने मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत पालिका क्षेत्र में अब तक कितना पैसा आया और कितना विकास कार्यों पर खर्च किया गया इस संबंध में पूरा ब्यौरा जलब किया है। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत जनपद की मुजफ्फरनगर और खतौली नगरपालिका परिषद को इस आदेश के तहत बीते 3 वर्षों का ब्यौरा शासन को भेजना है। बता दें, जनपद में दो नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर और खतौली हैं, जिनका बीते वर्षों में पालिका क्षेत्र सीमा विस्तार किया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत इन दोनों नगर पालिकाओं के विस्तारित क्षेत्रों में विकास कार्य कराए गए है। शासन ने वर्ष 2022 से 2024 तक का दोनों निकायों से ब्यौरा मांगा है। जिसमें दोनों नगर पालिका परिषदों द्वारा मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत कितना धनराशि शासन स्तर से आई और विकास कार्यों पर अब तक कितना धन खर्च हुआ है, इस संबंध में जानकारी मांगी गई है। वहीं नगर सृजन योजना को लेकर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए तैयार कार्य योजना की भी जानकारी मांगी है। शासन को उक्त बिन्दुओं पर जानकारी उपलब्ध कराने के लिए दोनों नगर पालिकाओं ने डाटा तैयार करना शुरू कर दिया है। शासन द्वारा मांगे गए ब्यौरे को लेकर पालिका में दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है।

# दिव्य योग ध्यान आश्रम में अखंड रामायण पाठ का समापन



**मुजफ्फरनगर, 11 मई (बु.)।** पचेंडा रोड स्थित दिव्य योग ध्यान आश्रम में चल रहे अखंड रामायण पाठ का रविवार को कीर्तन और भंडारे के साथ समापन हो गया। इसके साथ ही सन्यास की दीक्षा का एक साल पूरा होने पर स्वामी श्रीभगवान आश्रम जी महाराज का प्रकाश उत्सव मनाया गया। समापन अवसर पर पधारे दंडी स्वामी महादेवाश्रम महाराज व जूना अखाड़ा के स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज ने भक्तों को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि स्वामी श्रीभगवान आश्रम ने एक साल में सन्यासी के रूप में जन कल्याण के कई काम किए है। पचेंडा रोड स्थित दिव्य योग ध्यान आश्रम में स्वामी श्रीभगवान आश्रम जी महाराज के सान्निध्य में शनिवार की अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया था। अखंड पाठ पूर्ण होने पर रविवार सुबह महाआरती की गई। भजन गायक धर्मबीर सुमदर ने इस बीच अपनी टीम के साथ भजन और देशभक्ति गीतों का गुणगान किया। अखंड पाठ के समापन अवसर पर श्री भगवान आश्रम जी महाराज का एक वर्ष पहले जन्म दिन था। तमाम वैभव के होते हुए शर्मा ने सन्यास को ग्रहण किया था। सन्यास एक तरह का कर्मयोग है। सन्यास लेकर भीख मांगना उचित नहीं है। समाज के बीच रहकर जन कल्याण का काम करने वाला सच्चा सन्यासी है। जूना अखाड़ा महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज ने कहा कि गृहस्थ जीवन के कर्तव्यों को पूरा कर सन्यास लेना बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संतों को समाज के बीच रहकर लोक कल्याण के काम करने चाहिए। स्वामी श्री भगवान आश्रम महाराज ने कहा कि सन्यास की दीक्षा लिए उन्हें एक साल का समय हो गया है। उन्होंने प्रयास किया कि सन्यासी के रूप में समाज के प्रति जिम्मेदारी का निर्वाह करता रहूं। सुखद बात यह है कि अखंड पाठ के समापन पर दो बड़े संतों के दर्शन लाभ हुए हैं। उन्होंने कहा कि अखंड पाठ के समापन के साथ बार्डर पर शांति का माहौल बना है। युद्ध से बर्बादी के अलावा कुछ नहीं मिलता। इस दौरान आपारी नेता संजय मिश्रा, कृष्ण गोपाल मित्तल, राकेश त्यागी, शलभ गुप्ता, मास्टर विजय सिंह, केके शर्मा, ऋषभ शर्मा, राजकुमार, रजत तायल, पंकज शर्मा, नीरज त्यागी, साक्षी, गोपाल शर्मा, रमेश ठाकुर, नितिन कुमार, आशीष शर्मा, अंकित शर्मा, अंशुल शर्मा, उमादत्त शर्मा, ब्रह्म प्रकाश शर्मा, सुभाषचंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

# व्यापार संगठन के नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत



**मुजफ्फरनगर, 11 मई (बु.)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की तहसील परिसर मार्केट इकाई के अध्यक्ष ब्रजकुंवर गर्ग, गोल मार्केट प्रभारी राजेंद्र अरोरा, शिव मार्किट अध्यक्ष जयेंद्र प्रकाश के नेतृत्व में रविवार को इकाई के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी कृष्ण गोपाल मित्तल, प्रदेश मंत्री सरदार बलविंदर सिंह के निर्देशन में व्यापार संगठन के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष तरुण मित्तल और युवा जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह का स्वागत माल्यार्पण करते हुए सम्मान किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल व प्रदेश मंत्री स. बलविंदर सिंह ने कहा कि व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद राज्यसभा नरेश अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष एवं आबकारी मंत्री यूपी सरकार नितिन अग्रवाल एवं प्रदेश महामंत्री व पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री ब्रजेश शुक्ला के नेतृत्व में सभी व्यापारियों के मान, सम्मान एवं स्वाभिमान की लड़ाई को बड़ी मजबूती के साथ लड़ा जाएगा। इस दौरान तहसील परिसर गोल मार्केट, शिव मार्किट इकाई के महेंद्र नाथ, चंद्र प्रकाश, मोहित नागपाल, अनुज गोयल, सुधांशु गोयल, राजेंद्र कुमार, किरण पाल, सुरेंद्र ठाकुर, नवदीप, चंद्र मोहन, सुधांशु गर्ग, अनुज गोयल, शिवम वर्मा, उदित किंगर, लक्की ग्रोवर, राघव, मुकुंद गर्ग, मनीष अरोरा, संजीव कुमार, पंकज कुमार, विक्की, कृष्ण कुमार, चंदन गुप्ता सहित अन्य व्यापारियों द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण करते हुए स्वागत किया गया।

# पंडित उमादत्त शर्मा का स्वागत सम्मान समारोह हुआ



**मुजफ्फरनगर, 11 मई (बुस.)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं आयुष बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा के रुड़की रोड स्थित निवास स्थान पर राष्ट्रीय लोकदल के महासचिव मनोनीत हुए पंडित उमादत्त शर्मा का स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज एवं अन्य समाज के राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर पंडित उमा दत्त शर्मा ने कहा कि मैं अपने समाज के प्रति निरंतर निष्ठा से कार्य करूंगा, भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल का गठबंधन है। अतः यह अच्छा लगा कि जयंत चौधरी ने ब्राह्मण समाज के व्यक्ति को दायित्व देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. सुभाष शर्मा ने पंडित उमा दत्त शर्मा के विषय में अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि पंडित जी कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व के धनी हैं, जो धरातल से जुड़े हैं और ठोस कार्य करते हैं, उनको नवीन राजनीतिक जीवन की बहुत-बहुत मंगल शुभकामनाएं हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा, पं. ब्रह्मप्रकाश शर्मा, महामृत्युंजय सेवा मिशन अध्यक्ष संजीव शंकर, पं. मुकेश शर्मा, पूर्व सभासद विजेंद्र पाल, सभासद राजीव शर्मा, बृजेश दीक्षित, कमलकांत शर्मा, युवा भाजपा नेता पुनीत वशिष्ठ , श्वेता कौशिक, मुकेश शर्मा, महेश चंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

# जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में मनाया गया मातृ दिवस





**मुजफ्फरनगर, 11 मई (बुस.)।** आज जी. डी. गोयनका पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मातृ दिवस' बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मुख्य अतिथि डॉ. कामिनी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. शिखा गुप्ता, मीना गोयल, अर्पणा गोयल, सलोनी गोयल व विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ऋचा तिवारी के द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व वंदना करके किया गया। बच्चों ने अपनी माँ के सम्मान में कविताएं और स्लोगन पढ़े और साथ ही उनको पी.पी. टी. द्वारा प्रस्तुत किया। कक्षा नर्सरी से यू.के.जी के छात्रों ने मेरी माँ गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया, कक्षा १-२ के छात्रों ने तू है तो जन्नत है' गाने पर, कक्षा ३-५ के छात्रों ने माँ' शीर्षक पर एक एक्ट तथा कक्षा ६-१२ तक के छात्रों ने भी माँ पर आधारित विभिन्न गानों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने आकर्षक कार्यक्रमों के जरिए समारोह में चार चाँद लगा दिए। इसके अतिरिक्त माताओं के लिए कुछ खेल गतिविधियाँ भी आयोजित कराई गई तथा विजयी माताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की उप प्रधानाचार्या अंजलि आनंद ने सभी अतिथिगण व कार्यक्रम में उपस्थित सभी माताओं का आभार प्रस्तुत किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य बच्चों में माताओं के प्रति सम्मान और आभार का भाव व्यक्त करने के लिए किया जाता है, क्योंकि माँ अपने बच्चों के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर देती है।

AMMCO BANK

आदर्श महिला मर्केन्टाइल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड
27A/1, New Mandi Muzaffarnagar, U.P. 251001

महत्वपूर्ण सूचना

आदर्श महिला मर्केंटाइल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के सम्मानित अंशधारकों को सूचित किया जाता है कि बैंक की विशेष सामान्य निकाय बैठक दिनांक 30 मई 2025 को सायं 4 बजे दिन शुक्रवार स्थान 27A/1, नई मंडी, मुजफ्फरनगर में होनी है। अतः आप सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि उक्त दिनांक को समय पर पहुंचकर बैठक को सफल बनाएं।

विचारणीय विषय

नगीना अर्बन कॉपरेटिव बैंक लिमिटेड नगीना का आदर्श महिला मर्केंटाइल कॉपरेटिव बैंक लिमिटेड मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) में विलय हेतु योजना पर विचार एवं अनुमोदन।
आदर्श महिला मर्केंटाइल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड

पंकज जैन
सचिव

आवश्यकता है
फैक्ट्री के लिए
1 सुपर वाईजर
1 एकाउन्टेंट
1 सेल्स
1 ड्राइवर
जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
M.9897551970

आवश्यकता है
दो अनुभवी ड्राइवर की
जिसे कम से कम 10 वर्ष का अनुभव हो एवं एक
बुजुर्ग ड्राइवर
की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें
6398927819

# दून वैली की छात्रा पलक्षा ने बढ़ाया अपने गंतव्य की ओर पहला कदम



**मुजफ्फरनगर, 11 मई (बुस.)।** दून वैली के लिए एक हर्ष का विषय है कि कक्षा-7 की छात्रा पलक्षा गौड़ को जिला स्तर पर आयोजित नैतिक शिक्षा ओलंपियाड जोकि इस्कॉन ने आयोजित किया था, उसमें द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर इसरो द्वारा आमंत्रित किया गया। इसरो के अध्यक्ष डॉ. एस.पी. सोमनाथ और इस्कॉन के डॉ. शुभ विलास प्रभु, जोकि जीवन शैली कोच, कहानी वक्ता एवं लेखक हैं उनके द्वारा इसरो में पलक्षा गौड़ को सम्मानित किया गया। इसके बाद बच्चों को इसरो के सेंटर आई.डि.एस.एन. जाने का मौका मिला, जो कर्नाटक के ब्यालालू में स्थित है, जहां से स्पेसक्राफ्ट स्पेस की यात्रा के लिए निकलते हैं। वहां पर आई.डी. एस.एम.के वैज्ञानिक बी.शंकर मदास्वामी ने बच्चों को चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग के विषय में विस्तृत जानकारी दी और रॉकेट के मॉडल दिखाए। चंद्रयान-3 की सेटेलाइट से भी अवगत कराया। इसरो में स्कूल ब्रांच हेड मिस ईवा गुप्ता पलक्षा के साथ गई, अपने स्कूल दून वैली को रिप्रेजेंट किया। विद्यालय के लिए यह एक गौरवपूर्ण अवसर है कि दून वैली का छोटा सा बच्चा अपनी प्रतिभा के बल पर इसरो तक पहुंचा। स्कूल डायरेक्टर अनुराग सिंघल ने मेधावी छात्रा की इस उपलब्धि पर उसे और उसके अभिभावकों को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# इब्जा मुजफ्फरनगर ने किया इब्जा कॉन्क्लेव का आयोजन

## लाइफटाइम अचीवमेंट एवं यूथ आइकॉन पुरस्कार से किया सर्राफा व्यापारियों को सम्मानित









**मुजफ्फरनगर, 11 मई (बु.)।** वर्ल्ड गोल्ड कॉउंसिल व भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून शाखा द्वारा नगर के सरकुलर रोड स्थित होटल में हॉलमार्किंग जागरूकता एवं ज्वेलर्स अवेयरनेस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन मुजफ्फरनगर एवं वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में 200 से अधिक स्थानीय ज्वेलर्स और व्यापारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राष्ट्रगान से प्रारंभ हुए इस भव्य कार्यक्रम में दो मिनट का मौन रखते हुए उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण भी न्यौछावर कर दिए। देश रक्षा के लिए सभी ज्वेलर्स ने देश को आर्थिक रूप से मजबूत करने एवं देश के लिए हमेशा समर्पित रहने का संकल्प भी दोहराया। इसके साथ ही उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वे हॉलमार्क युक्त आभूषणों की प्रामाणिकता की जाँच के लिए निःशुल्क बीआईएस केयर एप का उपयोग करें।

होटल में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वर्ण आभूषणों की अनिवार्य हॉलमार्किंग के साथ एचयूआईडी प्रणाली तथा गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं के प्रति ज्वेलर्स और उपभोक्ताओं को जागरूक करना एवं ज्वेलरी बिजनेस में आ रही समस्याओं को एक मंच पर रखकर उनका समाधान करना रहा। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों ने इस दौरान राष्ट्र निर्माण के लिए ज्वैलर्स की भूमिका और हॉलमार्क युक्त आभूषण खरीदने के लाभ पर बल दिया। कार्यक्रम में सौरभ तिवारी निदेशक एवं प्रमुख बीआईएस देहरादून ने गुणवत्ता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए हॉलमार्क युक्त आभूषण खरीदने पर जोर दिया। उन्होंने हॉलमार्किंग प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए उपभोक्ताओं को सलाह दी कि वे आभूषण खरीदते समय एचयूआईडी नंबर, कैरेट के साथ बीआईएस लोगो की जांच कराने की जरुरत पर जोर भी दिया। इस दौरान मुंबई से आये इब्जा के सेक्रेटरी सुरेंद्र मेहता ने ज्वेलर्स को सरकारी नीतियों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान अनुराज रस्तोगी प्रमुख उत्तर भारत इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने स्वर्ण एवं बुलियन व्यापार से संबंधित हालिया नीतिगत विकास की जानकारी साझा की। इस दौरान इब्जा मुजफ्फरनगर के सर्राफा व्यापारियों में सतीश गोयल, मांगेराम, सुशील गर्ग, मनोज जैन, प्रदीप वर्मा, गोपाल वर्मा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया एवं नगर के युवा व्यापारी पराग गोयल, मनोज वर्मा, संजय वर्मा, मुकुल जैन एवं राघव गोयल को यूथ आइकॉन के अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस दौरान इब्जा के हमेशा मार्गदर्शक रहने वाले मुख्य इब्जा के स्तम्भों में प्रदीप बंसल, अजय स्वरूप, आदीश जैन, पुष्पेंद्र अग्रवाल, सुरेन्द्र अग्रवाल व प्रवीण वर्मा को मेंटर ऑफ दा सिटी अवार्ड देकर सम्मानित किया। मुजफ्फरनगर के उभरते युवा सर्राफ व्यापारियों में गौरव वर्मा, सिद्धार्थ बंसल, पंकज जैन, पवन वर्मा, पुनीत जैन, पवन सिंघल शामली, यश कपूर, नितिन बंसल, गौरव मित्तल, गोरंग मित्तल, अमित भोसले को राइजिंग स्टार 2025 के अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. कार्तिक पोरवाल ने माइंड वैलनेस साइकोलॉजिकल सेंटर दिल्ली से आकर यहां अपनी टीम के साथ ज्वेलर्स को व्यापार के साथ मेन्टल हेल्थ कैसे ठीक रखनी है इस बारे में विस्तार से बताया। उनकी टीम में मुख्य रूप से डॉ. स्वाति प्रियदर्शिनी एवं डॉ. प्रीति गुप्ता शामिल रहे। कार्यक्रम का सफल समन्वय श्रेय गोयल अध्यक्ष आईबीजेए मुजफ्फरनगर एवं मनोज पुंडीर, सचिव, अभिनव वर्मा कोषाध्यक्ष, नमन वर्मा, सिद्धार्थ बंसल, गौरव वर्मा, मयंक बंसल, रोहित वर्मा, नितिन कुच्छल, आदित्य जैन, श्रेय जैन, श्रद्धा जैन, शुभम जैन, अजय जैन, श्रष्टि जैन, स्तुति जैन, स्टाफ और कस्टमर के साथ इब्जा टीम मुजफ्फरनगर द्वारा किया गया।

# वहां से चलेगी गोली, तो यहां से चलेगा गोला
## सीजफायर उल्लंघन पर मोदी ने दिए सख्त निर्देश

**नई दिल्ली, 11 मई (एजेंसी)।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा के बाद सीमा पर हालात सामान्य हो चुके हैं। इस बीच भारत के आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी ने आर्मी कमांडर्स को फ्री हैंड दिया है कि अगर पाकिस्तान की तरफ से कोई भी सीजफायर उल्लंघन किया जाता है, तो पूरी ताकत और उसी की भाषा में पाकिस्तान को जवाब दें। इससे पहले इंडियन एयरफोर्स ने कहा कि हमने ऑपरेशन सिंदूर के लक्ष्य हासिल कर लिए हैं। यह ऑपरेशन अभी जारी है। हम समय आने पर जानकारी देंगे। एयरफोर्स ने अफवाहों से बचने की अपील की है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भारत का साफ कहना है कि कश्मीर के मुद्दे पर हमारा रुख साफ है और किसी भी तीसरे पक्ष की दखल स्वीकार नहीं है। पाकिस्तान अगर आतंकियों को सौंपना चाहता है, तो बातचीत के दरवाजे जरूर खुले हैं। साथ ही भारत ने साफ किया कि सिर्फ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को



वापस करने के मुद्दे पर बातचीत की जा सकती है। इसके अलावा किसी अन्य मुद्दे पर बातचीत की गुंजाइश नहीं है और न ही हम किसी की मध्यस्थता चाहते हैं। भारत पाकिस्तान तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से साफ तौर पर कहा था कि अगर पाकिस्तान कोई हरकत करता है, तो भारत का जवाब पहले से कहीं ज्यादा तेज और खतरनाक होगा। बताया जा रहा है कि उसी रात पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 26 ठिकानों पर हमला किया, जिसका भारत ने बेहद जोरदार जवाब दिया। ये जानकारी न्यू यॉर्क टाइम्स के सूत्रों से समाचार एजेंसी एएनआई ने दी है। गौरतलब है कि जेडी वेंस उस वक्त भारत में ही थे, जब 22 अप्रैल को पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ था। उसी दिन अमेरिका की तरफ से वेंस ने पीएम मोदी से बात की और कहा कि अमेरिकी एजेंसियों का आकलन है कि भारत-पाक के बीच का तनाव कभी भी पूरी जंग में बदल सकती है।

### ऑपरेशन सिंदूर में भारत के 5 जवान शहीद, सभी पायलट सुरक्षित

**नई दिल्ली, 11 मई (एजेंसी)।** डीजीएमओ के अनुसार, इस ऑपरेशन में पाकिस्तान के करीब 35 से 40 सैनिक और अधिकारी मारे गए, जबकि भारत के 5 जवान शहीद हुए। हालांकि राहत की बात यह रही कि ऑपरेशन में शामिल सभी भारतीय पायलट पूरी तरह सुरक्षित हैं। भारत की तीनों सेनाओं थल सेना, वायु सेना और नौसेना के महानिदेशकों ने आज एक महत्वपूर्ण संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग की। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा खुलासा किया गया, जिसमें बताया गया कि यह एक सुनियोजित और सटीक जवाबी सैन्य कार्रवाई थी, जिसमें पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचाया गया। डीजीएमओ के अनुसार, इस ऑपरेशन में पाकिस्तान के करीब 35 से 40 सैनिक और अधिकारी मारे गए, जबकि भारत के 5 जवान शहीद हुए। हालांकि राहत की बात यह रही कि ऑपरेशन में शामिल सभी भारतीय पायलट पूरी तरह सुरक्षित हैं।

# लाहौर में रडार सिस्टम तबाह, चुन-चुनकर आतंकी हुए ढेर, पाक के हमले नाकाम...

**नई दिल्ली, 11 मई (एजेंसी)।** 'ऑपरेशन सिंदूर' पर डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद की साजिश रचने वालों और आतंकियों के ठिकानों को तबाह करने के लिए चलाया गया था। उन्होंने बताया कि इस दौरान चुन-चुनकर 100 से ज्यादा आतंकियों को ढेर किया गया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना का पराक्रम नजर आया और पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी है। भारत और पाकिस्तान के बीच चरम तनाव और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर रविवार शाम को भारतीय सेना ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। इसमें थल सेना के लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, नौसेना के वाईस एडमिरल एएन प्रमोद डीजी, नेवल ऑपरेशन और वायु सेना से एयर मार्शल एके भारती डीजी, एयर ऑपरेशन शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चुन-चुनकर आतंकियों को ढेर किया और पाकिस्तान के आतंकी हमलों को नाकाम किया। साथ ही बताया कि लाहौर में मौजूद रडार सिस्टम को भी उड़ा दिया। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद की साजिश रचने वालों और आतंकियों के ठिकानों को तबाह करने के लिए चलाया गया था। उन्होंने बताया कि इस दौरान चुन-चुनकर 100 से ज्यादा आतंकियों को ढेर किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि हमने पाकिस्तान के सभी हमलों को नाकाम किया।

**भारतीय एयर डिफेंस ने ड्रोन हमले को किया नाकाम**

लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले का दर्द आपने देखा होगा। ऑपरेशन सिंदूर एक मिलिट्री ऑपरेशन था, जिसका उद्देश्य आतंकी ढांचे को खत्म करना था। हमने शुरू में 9 कैंपों को टारगेट किया। साथ ही उन्होंने कहा कि हमने पूरा सरप्राइज किया। उन्होंने कहा कि पहली रात जब पाकिस्तान ने एक के बाद एक ड्रोन भेजे, तो भारत के एयर डिफेंस ने उनमें से सभी को रोक लिया और एक जवाबी हमला भी किया, जिसमें पाकिस्तान के लाहौर में मौजूद एक रडार नष्ट हो गया।

**पाक के 35-40 सैनिकों की मौतः लेफ्टिनेंट जनरल घई**

लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि जमीन पर भी पाकिस्तानी हमलों को रोकने के लिए कई कदम उठाए गए। लेफ्टिनेंट जनरल घई ने कहा कि नियंत्रण रेखा पर भारतीय सेना की गोलीबारी में पाकिस्तान के 35-40 सैनिकों और अधिकारियों की मौत हो गई। साथ ही उन्होंने पाकिस्तान की नापाक हरकतों को बेनकाब करते हुए कहा कि एलओसी पर पाकिस्तान ने नागरिक इलाकों पर हमला किए।

**टारगेट तय किए, एयर टू सरफेस मिसाइल से बनाया निशाना**

एयर मार्शल एके भारती ने कहा कि हमने सावधानी से टारगेट तय किए और एयर टू सरफेस मिसाइल का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य था आतंकी ढांचे और आतंकी को खत्म करना था। यह हमने 7 मई को ही हासिल कर लिया गया। उसके बाद पाकिस्तान ने ड्रोन और यूएवी से हमला किया। हमने आतंकी को हिट किया, वह नागरिक को कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 8 और 9 मई की रात को श्रीनगर से गुजरात के नलिया तक हमले किए गए, जिन्हें हमने विफल कर दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि हमने केवल उनके मिलिट्री ढांचे को टारगेट किया। उन्होंने कहा कि जब लाहौर से ड्रोन से हमला किया गया, तब पाकिस्तान ने यात्री विमान को उड़ने दिया।

**पाकिस्तान के इन एयरबेसों को किया गया तबाह**

भारतीय सैन्य अधिकारियों ने सबूतों के साथ बताया कि पाकिस्तान के कई एयरबेस तबाह किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सरगोधा, रहीमयार खान, चकलाला, सक्कर, भोलारी और जकोकाबाद एयर फील्ड को तबाह किया गया।

**पाकिस्तान के कुछ लड़ाकू विमान भी भारत ने मार गिराए**

सैन्य अधिकारियों ने कहा कि पाकिस्तान के कुछ लड़ाकू विमान हमने मार गिराए हैं, हालांकि मैं नंबर नहीं बता सकता हूं। साथ ही उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का कोई भी विमान भारतीय सीमा में नहीं घुस पाया है। साथ ही साथ ही उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो और आतंकी कैम्प तबाह किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे कहने की जरूरत नहीं है कि इन आतंकियों को कहां से समर्थन मिलता है।

# गमगीन माहौल में पाकिस्तानी हमले में मारे गये ताऊ-भतीजी के शव हुए सुपुर्द खाक

## एसडीएम जानसठ परिवार के बीच पहुंचे, मुआवजा राशि भुगतान के लिए मांगा एकाउंट नम्बर

**मुजफ्फरनगर, 11 मई (बु.)।** पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच उपजे तनाव के दौरान पाकिस्तान सेना द्वारा जम्मू कश्मीर में किये गये हवाई हमले के दौरान राजौरी में मुजफ्फरनगर निवासी मौहम्मद शाहिद डेंटर और उसकी भतीजी आशा की उस समय दर्दनाक मौत हो गई थी जब वें अपने घर में सो रहे थे। पाकिस्तानी सेना के हमले में पाकिस्तानी सेना के द्वारा जम्मू कश्मीर के राजौरी में हवाई हमला किया गया इस हमले में मुजफ्फरनगर के थाना काकरोली क्षेत्र के गांव खाई खेड़ा निवासी शाहिब पुत्र साहिब व आयशा नूर पुत्री तोहिद की दर्दनाक मौत हो गई। पाकिस्तानी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों को मामले की जानकारी 10 मई की सुबह को मिली। सूचना मिलते ही मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया और उनके शवों को लाने के प्रयास किये गये। वहीं शवों को 11 मई की सुबह 3 बजे गांव खाईखेड़ी लाया गया। शवों के गांव में पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया। इस दौरान जिला समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक मिथलेश पाल सहित पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल पीड़ित परिवार के घर पहुंचा। गमगीन माहौल में दोनों शवों को दफनाया गया। रविवार की दोपहर एसडीएम जानसठ जयेंद्र कुमार व नायब तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे, जिसमें उपजिलाधिकारी जयेंद्र कुमार इन्हें बताया कि उनके पास राजौरी के डिप्टी कमिश्नर का फोन आया था, जिसमें उन्होंने मृतकों के परिजनों की डिटेल मांगी थी, ताकि जम्मू कश्मीर सरकार मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिया जा सके।







### मिथलेश पाल ने दी परिवार को सांत्वना

**मुजफ्फरनगर। भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान पाकिस्तान द्वारा की गई गोलाबारी में ग्राम खाईखेड़ा निवासी मोहम्मद शाहिद व उनकी भतीजी आशा नूर की मौत हो गई। रविवार को परिजनों को सांत्वना देने के लिए मीरापुर विधायक मिथलेश पाल, एसडीएम जयेंद्र सिंह तथा नायब तहसीलदार, एडवोकेट किरण पाल, अमरनाथ पाल उनके निवास पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।**

### पाकिस्तान पर मंडराया बाढ़ का खतरा

**नई दिल्ली, 11 मई (एजेंसी)।** पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान पर पानी से हमला किया है। पाकिस्तान के लगातार हमलों से बौखलाए भारत ने चिनाब नदी पर बने सलाल बांध के पांच गेट खोल दिए हैं। बांध के गेट खुलने से पाकिस्तान में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। सुबह 6:15 बजे जम्मू संभाग के रियासी जिले में स्थित सलाल डैम से पानी छोड़ा गया। आपको बता दें कि दो दिन पहले भी बगलिहार डैम के दो गेट और सलाल डैम के तीन गेट खोले गए थे। डैम से पानी छोड़े जाने के बाद रियासी के निचले क्षेत्र कांसीपट्टा, जेडी, डेरा बाबा, तलवाड़ा से लेकर अखनूर तक सभी ग्रामीण इलाकों में चिनाब का जलस्तर 22 फीट से अधिक पहुंच गया है। भारत के हर हमले का मुंहतोड़ जवाब देने से पाकिस्तान घबरा गया और इसके बाद उसने संघर्ष विराम की घोषणा की, लेकिन पाकिस्तान अपना वादा नहीं निभा सका और इसके बावजूद पाकिस्तान ने संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। भारत ने भी जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के हमलों को नाकाम कर दिया।

**शेष : ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के...**

- 8 और 9 मई की रात को श्रीनगर से गुजरात के नलिया तक हमले किए गए, जिसको हमने विफल कर दिया।
- हमने केवल उनके मिलिट्री ढांचा को टारगेट किया, जब लाहौर से ड्रोन से हमला किया तब पाक ने यात्री विमान को उड़ने दिया।
- चुनियान में पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह किया।
- सीजफायर समझौते के बाद पाकिस्तान ने फायरिंग कर समझौते का उल्लंघन किया। हमने पाकिस्तान के उल्लंघन का करारा जवाब दिया।
- सेना को काउंटर अटैक की खुली छूट दी गई है। यदि पाकिस्तान की ओर से समझौते का उल्लंघन हुआ तो हम इसका जवाब देंगे।
- सरगोधा, रहीमयार खान, चकलाला, सक्कर, भोलारी, जकोकाबाद एयर फील्ड को तबाह किये गए।
- 22 अप्रैल के बाद नौसेना को अरब आगर में तैनात किया गया, ताकि हम तैयार रहे, पाकिस्तान नेवी को इससे रक्षात्मक रवैया अपनाना पड़ा।
- हमारा लक्ष्य था टेरर कैम्प को बर्बाद करना था, मेरी पाक डीजीएमओ से 3.35 बजे बात हुई. कल हम फिर 12 बजे बात करेंगे।
- कल शाम और आज सुबह भी जो सहमति हुई थी, उसे तोड़ा गया. चीफ ने आर्मी कमांडर को सीधा निर्देश दिया है कुछ होने पर माकूल जवाब दे।

# आतंकवाद कुत्ते की पूंछ, आतंकी जिस भाषा में समझेंगे उन्हें उसी भाषा में जवाब देंगे : योगी

**लखनऊ 11 मई (वार्ता)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान और उसके द्वारा संरक्षित आतंकवाद पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि आतंकवाद कुत्ते की पूंछ है जो कभी सीधी होने वाली नहीं, जो प्यार की भाषा मानने वाली नहीं। उसको उसी की भाषा में जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा।

उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर ब्रह्मोस एयरोस्पेस इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी के उद्घाटन के अवसर पर आज कहा ''इस दिशा में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया को एक संदेश दे दिया है। अब समय आ गया है जब आतंकवाद को कुचलने के लिए हम सबको एक स्वर से प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में इस अभियान से जुड़ना होगा।'' कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी वर्चुअली उपस्थित रहे और उन्होंने व योगी ने एक साथ बटन दबाकर ब्रह्मोस यूनिट का शुभारंभ किया। इस दौरान रक्षा उत्पादन से जुड़ी पुस्तक 'ब्रह्मांड'का भी विमोचन किया गया। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए। मुख्यमंत्री को ब्रह्मोस मिसाइल का प्रतिरूप भी भेंट किया गया। मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारत की तीनों रक्षा सेनाओं के बहादुर जवानों, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का



अभिनंदन करते हुए प्रदेशवासियों की ओर से बधाई दी। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल क्या है, इसके पराक्रम को आपने ऑपरेशन सिंदूर में देखा होगा और नहीं देखा तो कम से कम पाकिस्तान वालों से पूछ लेना चाहिए कि ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत क्या है। आतंकवाद के प्रति प्रधानमंत्री जी ने घोषणा की है कि कोई भी आतंकी घटना अब युद्ध जैसी होगी और याद रखना आतंकवाद को जब तक हम पूरी तरह कुचलेंगे नहीं तब तक समस्या का समाधान होगा भी नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी स्वावलंबी देश के लिए आवश्यक है कि अपनी रक्षा आपूर्ति के लिए वह दुनिया के अन्य देशों पर निर्भर होने की बजाय स्वयं उस लक्ष्य को प्राप्त करे। इजराइल इसका उदाहरण है, जिसने सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त किया है। उसने अपने अगल-बगल के दुश्मन देशों को नाकों चने चबाने के लिए मजबूर किया है।

## युद्ध विराम हो जाने के बाद भी खोल रहे लोगों के खून, बोले- पाकिस्तान को खत्म करने का इससे अच्छा कोई मौका नहीं था। कुछ लोग हुए सीज फायर से सहमत तो कुछ नाराज

**जनता की राय**


निखिल गुप्ता

जब हमारे पास बढ़त है, तब सीजफायर का फैसला जल्दबाजी है।
हमें अपनी रणनीतिक स्थिति को और मजबूत कर आगे बढ़ना चाहिए।
**निखिल गुप्ता, आदर्श कॉलोनी**


रिशु गुप्ता

गांधीगिरी बहुत हुई अब भगत सिंह का हिन्दुस्तान चाहिए, जान की भीख मांगता घुटनों पर अब पाकिस्तान चाहिए। आतंक को पनाह देने वाले इस मुल्क का दुनिया के नक्शे से नामोनिशान मिटना चाहिए
**रिशु गुप्ता**


शिवा सेराय

हमारे देश में आकर व धर्म पूछकर हमारे भाईयों को इस तरह से मारा, अब सीजफायर करने से इंसाफ नहीं होगा। हमारे देश को जवाब डबल देना होगा।
**शिवा सेराय, महानगर सचिव रालोद**


मौहम्मद अजर

यह युद्ध विराम नहीं बल्कि भारत की जीत है, भारत ने पाक को मुंहतोड़ जवाब दिया, जिससे उसके हौंसले पस्त हो गये हैं।यह हमारी जीत है। अगर दोबारा हरकत हुई तो इससे ज्यादा मजबूत जवाब मिलेगा।
**मौहम्मद अजर**


दानिश प्रधान

अमेरिका ने इंदिरा गांधी पर भी दबाव बनाया था,
लेकिन वो न रूकी और पाक को दो टुकड़ों में बांट दिया था।
सरकार को भी उसी तरफ बढ़ना चाहिए
**दानिश प्रधान, बड़ौत**


रमन भारद्वाज

भारत का लक्ष्य पहलगाम में हुई घटना का बदला लेना था। भारत 6 मई की रात को ही बदला ले चुका था। सीजफायर का मतलब युद्ध विराम होता है, समाप्त नहीं।
नायक पर विश्वास रखें।
**रमन भारद्वाज**


सुमित खेड़ा

इस सीज फायर से देश के शहीदों का बदला पूरा नहीं हुआ....इस युद्ध में पाक अधिकृत कश्मीर जीतना ही शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि था।
**सुमित खेड़ा, राष्ट्रीय अध्यक्ष नौजवान जनता दल**


आकाश चौधरी

खेल आर या पार को खेला जाना चाहिए पाकिस्तान के साथ । मैं आर्मी से अपील करता हूं कि हमको भी अपने साथ लेकर युद्ध के मैदान में चले।
**आकाश चौधरी, गांव ककराला**


नितिन कुमार

हमें ना युद्ध चाहिए, ना शांति, हमें मेरे देश का सम्मान, स्वाभिमान चाहिए।
ऐसा भारत हो वैभवशाली हो, दुनिया में शक्ति की पूजा होती, शांति की नहीं। शांति वहीं होती है, जहां शक्ति होती है।
**नितिन कुमार नई मंडी**


अमित मदान

मेरे विचार ये है कि सिर्फ आतंकी हमला एक्ट आफ वार के तहत न हो,
बाकी सीजफायर का उल्लंघन भी एक्ट आफ वार के अन्तर्गत हो।
**अमित मदान**


ओमपाल सिंह

युद्ध विकासशील देश के लिए ठीक नहीं होता, केवल सिक्योरिटी पर ध्यान देना चाहिए, यदि सिक्योरिटी होती तो घटना आसान न होती।
**ओमपाल सिंह, महासचिव बार एसो. बुढ़ाना**


अश्वनी जांगिड

ये इतिहास दोहराया जा रहा है।
अगर इस बार पाक को मौका मिला तो वो बाज नहीं आ सकता,
हमारे देश के अन्दर जो गद्दार हैं उनको सहारा मिलेगा।
**अश्वनी जांगिड**


अवनीश कुमार

पहली बार लग रहा है कि शायद नरेन्द्र मोदी जी कोई गलती कर रहे हैं।
इस वार को रोक कर गलती कर दी है।
**अवनीश कुमार**


सुनील वर्मा

अमेरिका की मध्यस्थता के चलते युद्ध विराम हो गया है, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर अधूरा रह गया है।
ये पाक बाज आने वाला नहीं है। युद्ध विराम से प्रत्येक भारतीय को धक्का लगा है।
**सुनील वर्मा, अध्यक्ष सर्वधम जैन सेवा समिति**


भूपेन्द्र गोयल

इस सीजफायर से सराकर और भाजपा की किरकरी होगी और पीएम जी का जो ग्राफ है, जनता की नजरों में वो बहुत तेजी से गिरेगा, अभी तक के प्रकरण में हमने दुश्मन देश के ड्रोन के हमले ज्यादा रोके हैं और पलटवार केवल नाममात्र का किया है। दुश्मन दुश्मन होता है, उससे कोई रियासत नहीं होनी चाहिए। हमें भी उनके आम जनता को टारगेट करना चाहिए, तभी लोगों का दर्द कम होगा। उससे कम कुछ नहीं चलेगा और न ही उससे कम हिन्दुतान की जनता को कोई फैसला मंजूर होगा।
**भूपेन्द्र गोयल, जिला युवा मंत्री उप्र उद्योग व्यापार मंडल**


आकाश अरोडा

भारत को युद्ध विराम नहीं करना चाहिए, पूरी दुनिया चाहती है कि भारत इस युद्ध में जो हमारा हिस्सा पाक के पास है वह हमें वापस मिल जाये और पाक कभी भी अपनी बचकानी हरकतों से बाज नहीं आयेगा
**आकाश अरोडा**

हमें ना युद्ध चाहिए ना शांति, हमें मेरे देश का सम्मान, स्वाभिमान चाहिए।
समर्थ भारत चाहिए, ऐसा भारत जो निर्णकारी हो,
ऐसा भारत जो शक्तिशाली हो, वैभवशाली हो, दुनिया में शक्ति की पूजा होती और शांति वहीं होती है, जहां शक्ति होती है।
**नीरज शर्मा**


रितिक गर्ग एड.

इस पूरे प्रकरण में अमेरिका की भूमिका संतोषजनक नहीं रही। अमेरिका की ओर से कोई सकारात्मक टिप्पणी सुनने को नहीं मिली। अमेरिका के उपराष्ट्रपति का यह कहना है कि हम मध्यस्थता नहीं करायेंगे, भारत शायद ही कभी भुला पाएगा। यह वहीं ट्रंप सरकार है, जिसके लिए कभी माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुले मंच से कहा था- अबकी बार ट्रंप सरकार। ऐसे में मैं अमेरिका की मध्यस्थता कराने की किसी भी कोशिश से पूर्णतः असहमत हूं।
**रितिक गोयल एडवोकेट, कोषाध्यक्ष श्रीएकांतेश्वर महादेव धाम, शाहपुर**


अब्दुल सलीम

युद्ध विराम जरूरी है, जरूरी है शांतिवार्ता...
बेगुनाहों के शवों से नहीं सौहार्द से निकलेगा हल...
युद्ध से नहीं शांतिवार्ता से निकलेगा हल....
**अब्दुल सलीम (सऊदी अरब)**

# भारत की सर्वाधिक बिकने वाली इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों में शामिल हुई ई- विंडसर प्रो का 'बुलेटिन सम्पादक' ने किया शुभारम्भ

**1** एक बार की चार्जिंग में 449 किलो मीटर चल सकेगी ई-विंडसर प्रो

**2** पैसे की बचत के साथ-साथ प्रदूषण से मिलेगी राहत

**3** लग्जरी इंटीरियर देखकर ग्राहक हुए मंत्रमुग्ध

**4** गाड़ी की पहली डिलीवरी सहारनपुर से आकर ले गए कारोबारी

**मुजफ्फरनगर, 11 मई (बु.)।** रविवार को जानसठ रोड स्थित एमजी नमो शोरूम पर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने एमजी विंडसर प्रो का विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर शोरूम स्वामी श्रेय जैन, अजय जैन, शुभम जैन ने बुलेटिन सम्पादक को बुके देकर उनका स्वागत किया। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके बाद नई लांच हुई विंडसर-प्रो का रिबन काटकर शुभारम्भ हुआ, जिसमें शोरूम स्वामी श्रेय जैन ने मुख्य अतिथि के रूप में आये बुलेटिन सम्पादक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश में चौपहिया वाहन में इलैक्ट्रोनिक बाजार अब पूरी तरह अपना कब्जा जमा चुका है और देश के पीएम व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के सपनों को साकार करते हुए अब इलैक्ट्रोनिक वाहनों की भागीदारी बाजार में बढ़ रही है। इस अवसर पर बुलेटिन सम्पादक ने कहा कि कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि एक रूपया प्रति किलोमीटर पर हम गाड़ी में बैठकर परिवार सहित चल सकते हैं। मात्र तीन सौ रूपये में अपनी गाड़ी से दिल्ली आने जाने का सपना इलैक्ट्रोनिक कारों के भरोसे ही संभव है। उन्होंने कहा कि एमजी की विंडसर देश में सर्वाधिक बिकने वाली पहली ईवी गाड़ी का रिकॉर्ड बना चुकी है, जो अपने आप में बड़ी बात है। इस अवसर पर उनके द्वारा एमजी कम्पनी व शोरूम स्वामी प्रवीण जैन, श्रेय जैन आदि का उनके द्वारा गाडी का शुभारम्भ कराने पर आभार व्यक्त किया।

### जानिए विंडसर प्रो की खूबियां और क्यों बिक रही हैं इतनी?

जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया की नई लॉन्च की गई इलेक्ट्रिक वाहन, विंडसर प्रो, जो बैटरी पैक और फीचर्स के मामले में विंडसर का अपग्रेड है, ने बाजार में जोरदार शुरूआत की है। बुकिंग्स खुलने के सिर्फ 24 घंटे के भीतर 8,000 बुकिंग्स दर्ज की गई हैं, जबकि इसमें यूपी के जनपद मुजफ्फरनगर के कार के दीवानों ने एडवांस 25 बुकिंग कराई।

एमजी विंडसर प्रो को 6 मई को 17.49 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) की प्रारंभिक कीमत पर लॉन्च किया गया था, जो पहले 8,000 बुकिंग्स के लिए थी। अब इसकी कीमत 18,09,800 रुपये (एक्स-शोरूम) है। विंडसर प्रो को बैटरी-एज-ए-सर्विस (बीएएएस) प्रोग्राम के तहत 13.09 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) प्लस 4.5 रुपये/किमी पर भी पेश किया गया है, जो उपभोक्ताओं को लचीले स्वामित्व विकल्प प्रदान करता है।

एमजी विंडसर प्रो में खास बात यह है कि यह बड़ी बैटरी के साथ आती है जिससे यह 449 किलोमीटर की रेंज देती है। इसमें लेवल 2 एडस (एडवांस ड्राईवर असिस्टेंस सिस्टम) भी हैं, जो ड्राइवर को और सुरक्षा प्रदान करता है। इसके अलावा, इसमें व्हीकल-टू-लोड (वी2एल) और व्हीकल-टू-व्हीकल (वी2वी) चार्जिंग भी हैं, जो इसे और अधिक उपयोगी बनाते हैं।

**विस्तार से अगर इसके बारे में कुछ अलग से खास बातें बताएं तो -**

- बैटरी पहले से ज्यादा दमदार एमजी विंडसर प्रो में 52.9 केडब्लूएच की बैटरी है, जो 449 किलोमीटर की रेंज देती है।

**ADAS:**

- लेवल 2 ADAS में एडैप्टिव क्रूज कंट्रोल, ट्रैफिक जाम असिस्ट, और लेन डिपार्चर वार्निंग जैसे फीचर्स शामिल हैं।

**V2L एवं V2V:**

- V2L की मदद से आप कार की बैटरी से बाहरी उपकरणों को चार्ज कर सकते हैं, और V2V से आप अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज कर सकते हैं।



### डिजाइन और फीचर्स

इसमें नए डिजाइन के 18-इंच के अलॉय व्हील और तीन नए रंग विकल्प (सेलाडॉन ब्लू, ग्लेज रेड और ऑरोरा सिल्वर) दिए गए हैं. केबिन में टू-टोन आइवरी और ब्लैक फि निश है। एडवांस फीचर्स, 15.6 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम, 8.8 इंच का डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले, पैनोरमिक ग्लास रूफ, वायरलेस फोन चार्जर, 9 स्पीकर वाला इनफिनिटी साउंड सिस्टम, 360 डिग्री कैमरा, इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक और छह एयरबैग भी हैं।

### शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत 17.49 लाख रुपये है

### सरप्राइस कीमत के सात मैदान में एमजी विंडसर प्रो

एमजी विंडसर प्रो को 6 मई, 2025 को लॉन्च किया गया था और 24 घंटे में ही 8,000 बुकिंग मिल गई थी। मुजफ्फरनगर में इसकी एडवांस 25 बुकिंग का रिकॉर्ड पहली बार बना है। घर की ग्रहणी की भी पहली पसंद, चलेगी वाशिंग मशीन और अन्य उपकरण इस कार के पहली बार घर की ग्रहणी के चेहरे पर मुस्कुराहट दिखाई दी इसकी वजह है इससे आप घर के इलेक्ट्रिक सिस्टम को आप चला सकते है। मतलब साफ की अगर आप की कार है चार्ज तो आप घर में कपड़े धोने के लिए वाशिंग मशीन, फ्रिज, ओवन आदि को आप बेफिक्र चला सकते है। जिसको लेकर ग्रहणी बेहद खुश नजर आई।



